संख्या 15/04/2010-पुनर्गठन
भारत सरकार
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
संचार भवन, 20 अशोक रोड
नई दिल्ली-110001

दिनांक :10.11.2010

## विज्ञापन

**विषय : दूरसंचार विवाद समाधान और अपील अधिकरण(टीडीएसएटी) में सदस्य के पद पर नियुक्ति।**

**टीडीएसएटीः** दूरसंचार विवाद समाधान और अपील अधिकरण की स्थापना भारतीय दूरंसचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 में संशोधन करते हुए 2000 में की गई ताकि निम्नलिखित के बीच उत्पन्न किसी विवाद के सम्बन्ध में अधिनिर्णय किया जा सकेः

i) लाइसेंसप्रदाता एवं लाइसेंसधारक के बीच,
ii) दो या दो से अधिक सेवा प्रदाताओं के बीच,
iii) सेवा प्रदाता तथा उपभोक्ताओं के समूह के बीच।

**नियुक्ति की अवधि :** टीडीएसएटी के सदस्य का एक पद 29.07.2011 को रिक्त होगा। पद की अवधि अधिकतम तीन वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक है। सदस्य, टीडीएसएटी को वेतन एवं भत्ते सचिव, भारत सरकार के वेतन एवं भत्ते के समतुल्य होंगे। सरकारी कर्मचारी को, सदस्य टीडीएसएटी के रूप में उनका चयन होने पर, सदस्य, टीडीएसएटी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पहले, सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होना होगा।

**अर्हताएं** : पद पर नियुक्ति के लिए अर्हताएं निम्नानुसार हैं :-

" ऐसा व्यक्ति जो भारत सरकार में सचिव के पद या केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार में समतुल्य पद पर कम-से-कम दो वर्ष के लिए रहा हो या ऐसा व्यक्ति जिसे प्रोद्यौगिकी, दूरसंचार, उद्योग वाणिज्य या प्रशासन के क्षेत्र में विशेष अनुभव हो"

यदि कोई व्यक्ति किसी ऐसे संगठन जो दूरसंचार विवाद समाधान एवं अपील अधिकरण के समक्ष मुख्य वादी पार्टी हो, में किसी पद पर काफी लम्बी अवधि तक रहा हो तथा मुकदमेबाजों से सीधे रूप से जुड़ा रहा हो, तो इससे उक्त पद पर चयन हेतु उसे योग्य नहीं माना जा सकता है।

केन्द्र या राज्य सरकार, स्वायत्त/सांविधिक संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में कार्यरत अधिकारी अपने आवेदन उचित माध्यम से भेजेंगे।

**चयन प्रक्रियाः** उक्त पद पर चयन के लिए एक जांच व चयन समिति गठित की जा रही है। उक्त पद पर नियुक्ति के लिए इस विज्ञापन के माध्यम से प्राप्त आवेदन-पत्रों के अतिरिक्त, इस समिति को किसी अन्य नाम पर भी विचार करने का प्राधिकार होगा।

**आवेदन प्रक्रियाः** इच्छुक और योग्य व्यक्ति अपने आवेदन-पत्रों को निर्धारित प्रपत्र में भेजें। आवेदन-पत्र दूरसंचार विभाग की वेबवाइट (http:// www.dot.gov.in/ ) से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन-पत्र संबंधित दस्तावेजों की प्रतियों के साथ निम्नलिखित पते पर इस कार्यालय में 16·12·2010 तक पहुंच जाना चाहिए।

श्री मलय श्रीवास्तव,
संयुक्त सचिव (दूरसंचार)
कमरा नं0 315, संचार भवन,
20 अशोक रोड, नई दिल्ली-110001
दूरभाषः 23717411 फैक्सः 23372049
ई-मेल पताः jst-dot@nic.in

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

एस. चन्द्रशेखर

**(एस0 चन्द्रशेखर)**
**निदेशक, भारत सरकार**

## दूरसंचार विवाद समाधान और अपील अधिकरण (टीडीएसएटी), नई दिल्ली में सदस्य के लिए आवेदन पत्र का प्रपत्र

(यदि किसी मद के समक्ष पर्याप्त स्थान न हो तो अतिरिक्त कागज/शीट को संलग्न करें)

आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित फोटो के लिए स्थान

1. नाम (स्पष्ट शब्दों में):

   नाम का अंतिम शब्द :
   नाम का मध्य शब्द :
   नाम का प्रथम शब्द :

2. पिता का नाम :

3. वैवाहिक स्थिति :

4. जन्म तिथि (कृपया हाईस्कूल के प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करें) :

5. राष्ट्रीयता :

6. पत्र व्यहार का पता (स्पष्ट शब्दों में), जिसमें पिन कोड स्पष्ट रूप से लिखा हो :

7. स्थाई पता ((स्पष्ट शब्दों में)) :

8. (क) दूरभाष और फैक्स सं0 (कार्यालय/आवास) :
   (ख) मोबाइल :
   (ग) ई-मेल आईडी :

9. क्या आप अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0वर्ग से संबंधित हैं :

10. शैक्षिक योग्यताएं (सबसे आखिरी से शुरू करके क्रमानुसार) :

| विश्वविद्यालय/समकक्ष संस्थान का नाम | डिग्री | उत्तीर्ण करने का वर्ष | श्रेणी/प्राप्तांकों का प्रतिशत | विशेष शैक्षिक योग्यता | विषय/विशेषज्ञता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

11. सेवायोजन का रिकार्ड (वर्तमान पद से आरंभ करते हुए पीछे की ओर कालक्रमानुसार सूचीबद्ध करें):

| नियोक्ता का नाम और पता | पद, वेतनमान, नियमित/प्रतिनियुक्ति/तदर्थ जो भी हो उल्लेख करें | सेवा की अवधि | | कार्य की प्रकृति/अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| | | | | |

12. प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, उद्योग, वाणिज्य या प्रशासन के क्षेत्र में ज्ञान तथा इन क्षेत्रों से संबंधित संस्थाओं में उपर्युक्त विषयों में अर्जित व्यावसायिक अनुभव तथा इन संस्थाओं में अनुभव की अवधि :

13 सभी राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय ख्याति की पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन, यदि कोई हो, प्रशस्ति और विषय-सूची के साथ

14. पुरस्कार/सम्मान यदि कोई हो :

15. कोई अन्य संबंधित सूचना :

16. घोषणा :

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपर्युक्त सूचना मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण है तथा इसमें कुछ भी छिपाया/मिथ्या वर्णित नहीं है। यदि किसी समय पर यह पाया जाता है कि मैंने कोई महत्वपूर्ण सूचना छिपायी/मिथ्या वर्णित की है तो मेरी नियुक्ति बिना किसी नोटिस के तुरत रद्द की जा सकती है।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

दिनांक :

स्थान :

## संगठन/संस्था के प्रमुख द्वारा अग्रेषित किए जाने हेतु

(सरकारी/स्वायत्त/सांविधिक/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों इत्यादि में कार्यरत उम्मीदवार के संबंध में)

मंत्रालय/विभाग/कार्यालय

------------------------------------------------------------------------

------------------------------ द्वारा उल्लिखित विवरण सेवा अभिलेखों से सत्यापित कर लिया गया है और इसकी सत्यता को प्रमाणित कर लिया गया है।

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त अधिकारी के विरुद्ध सतर्कता संबंधी कोई भी मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है।

उपर्युक्त अधिकारी से संबंधित सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र संलग्न है।

**(भेजने वाले अधिकारी की मुहर के साथ हस्ताक्षर और पदनाम)**

**पता :**
**दिनांक :**